आपकी ज़िन्दगी की क़ीमत हीं आपकी उचित बीमा राशि है

कितना अटपटा प्रश्न है! - आपकी ज़िन्दगी की क़ीमत क्या है? क्या किसी की ज़िन्दगी की क़ीमत लगाई जा सकती है? निश्चित रूप से, नहीं। किसी की ज़िन्दगी की क़ीमत का आंकलन रूपयों में नहीं की जा-सकती। लेकिन, जब आप कोई जीवन बीमा पॉलिसी लेने की सोंच रहें हैं, तो इस प्रश्न का जवाब आपको अवश्य ढूंढ़ना होगा। जीवन बीमा का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य किसी अनहोनी में आपके परिवार और आश्रितों को वित्तीय सहायता प्रदान करना होता है। बीमा-राशि इतनी होनी चाहिए कि आपके नहीं होने कि स्थिति में भी आपके प्रियजनों की जीवन-शैली पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े साथ हीं वे आसानी से सभी बकाये राशि का भुगतान कर सकें। इस बात का भी ध्यान रहे कि महत्वपूर्ण कार्यों जैसे - बच्चों की शिक्षा, शादी आदि के लिए पर्याप्त कोष का सृजन हो सके।



उचित बीमा-राशि जितना महत्वपूर्ण है, पॉलिसी की अवधि भी उतना हीं महत्वपूर्ण है। अगर आपके बीमा का कवर आपकी सेवानिवृति से बहुत पहले जब आपके अधिकतम कार्य अधूरे हैं, समाप्त हो जाती है तो इस बीमा का ख़ास फ़ायदा आपको नहीं मिल पायेगा। जीवन बीमा पॉलिसी ऐसा होना चाहिए जो आपकी सेवानिवृति तक कवर प्रदान करे।

पिछले कुछ वर्षों में लगभग सभी निजी जीवन बीमा कम्पनियाँ ऑनलाइन टर्म प्लान लॉन्च की है; जो समझने में आसान, सुविधाजनक और ऑफ़लाइन संस्करणों जिसमें एजेंटों की संलिप्तता होती है, की तुलना में अविश्वसनीय रूप से सस्ता होता है। साथ हीं, इंश्योरेंस एग्रीगेटर की सहायता से सभी कंपनियों के उपलब्ध सारे प्लानों की तुलना आप स्वयं कर सकते हैं। इसलिए, ऑनलाइन पॉलिसी ख़रीदने की कोशिश करें।

यदि आप तंबाकू या शराब का सेवन करते हैं, या फिर किसी खतरनाक उद्योग में कार्यरत हैं, तो छुपायें नहीं। साथ हीं, अगर आप किसी बीमारी से ग्रस्त हैं तो इसे अवश्य बतायें। ये महत्वपूर्ण जानकारियां हैं जो आपके जोखिम प्रोफाइल को प्रभावित करते हैं। अगर आपने आवेदन में सही-सही जानकारी नहीं दी है, तो सम्भव है कि आपका क्लेम ख़ारिज़ हो जाये।

ऐसा नहीं है कि जीवन बीमा पॉलिसी सभी के लिए आवश्यक है और सबको लेना चाहिए। जीवन बीमा पॉलिसी की आवश्यकता आपकी आर्थिक स्थिति, आश्रित सदस्य, लोन आदि पर निर्भर करती है। कुछ ऐसी परिस्थियाँ हैं जिनमें आपको जीवन बीमा पॉलिसी नहीं लेनी चाहिए:- अगर,

1. **आपके पास पर्याप्त संपत्ति है:** अगर पहले से हीं आपके पास पर्याप्त सम्पति है तो आपके अनुपस्थिति में उस सम्पति से आपके परिवार की आवश्यकताएं पूरी हो सकती है। इसलिए, आपको जीवन बीमा पर ख़र्च करने की कोई जरूरत नहीं है।

2. **आपका कोई आश्रित नहीं है:** अगर आप अविवाहित हैं और कोई भी आर्थिक रूप से आप पर निर्भर नहीं हैं, तो आपको जीवन बीमा की जरूरत नहीं है।

3. **आपकी पत्नी/पति की आमदनी अच्छी है:** अगर आपकी पत्नी/पति की आमदनी से आपके घर का ख़र्च चल सकता है, तो जीवन बीमा में ख़र्च करना आपके लिए व्यर्थ है।

4. **आप सेवानिवृत्त हो चुके हैं:** जीवन बीमा का मुख्य उद्देश्य एक व्यक्ति की आय को प्रतिस्थापित करना होता है। चूंकि, एक सेवानिवृत व्यक्ति कि कोई आय नहीं होती; इसलिए, उन्हें जीवन बीमा पॉलिसी नहीं लेनी चाहिए; जबतक कि, उसकी कोई दायित्व या क़र्ज़ शेष न हो।

जीवन बीमा ज़रूरतों की गणना कैसे करें?

निम्न उदाहरण की मदद से आप अपनी बीमा ज़रूरतों की गणना कर सकते हैं। गणना करते समय उदाहरण में दिये गये आंकड़ों को आप अपनी आय एवं आवश्यकताओं के अनुरूप परिवर्तित कर लें।

प्रथम चरण: परिवार की कुल आय एवं व्यय की गणना

(A)	मासिक आय	रू 25,000
(B)	'A' को 0.8 (एक मानक सूत्र) से गुणा करें (A * 0.8)	रू 20,000
(C)	पत्नी / पति की मासिक आय + किराये से आय+अन्य स्रोतों से कुल आय (अगर कोई हो)	रू 12,000
(D)	'B' से 'C' को घटायें (B-C), यह प्रति माह कमी है जिसका सामना आपके परिवार को करना पड़ सकता है	रू 8,000
(E)	वार्षिक कमी के लिए 'D' को 12 से गुणा करें (D * 12)	रू 96,000
(F)	'E' को उस संख्या से गुणा करें जितने वर्षों का आप कवर चाहते हैं (अगर आपकी उम्र 35 वर्ष है तो 60-35=25 से गुणा करें)	रू 24,00,000
	आपके परिवार के खर्च की कुल जरूरत	**रू 24,00,000**

दूसरा चरण: परिवार की एकमुश्त ज़रुरत

बच्चों की शादी	रू 15,00,000
बच्चों की पढ़ाई	रू 7,00,000
मकान बनाने का ख़र्च या लोन, यदि कोई हो	रू 15,00,000
अन्य देनदारियां / लोन, यदि कोई हो	रू 5,00,000
परिवार के खर्च की कुल जरूरत (प्रथम चरण के अनुसार)	रू 24,00,000
कुल आवश्यकता	**रू 66,00,000**

<u>तीसरा चरण: वर्तमान सम्पतियों की क़ीमत</u>

नगद जमा (बैंक आदि में)	रू 50,000
सेवानिवृति पर मिलने वाली राशि (पी एफ, पी पी एफ आदि)	रू 10,00,000
निवेश (बांड, शेयर आदि)	रू 1,00,000
घर की वर्तमान कीमत	रू 10,00,000
मौज़ूदा जीवन बीमा	रू 5,00,000
अन्य	रू 2,00,000
कुल वर्तमान संपत्ति	**रू 28,50,000**

<u>चौथा चरण: आवश्यक बीमा</u>

अतः आपकी कुल बीमा ज़रुरत =

कुल आवश्यकता (दूसरे चरण के अनुसार) **- कुल वर्तमान संपत्ति** (तीसरे चरण के अनुसार)

= **रू 66,00,000 - रू 28,50,000**

= रू 37,50,000

यही राशि आपकी उपयुक्त बीमा ज़रुरत है।